CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:46 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 63 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 25 अगस्त 2026

किसने किए थे श्रद्धा के स्टंट...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रुद्रपुर में होगी पर्वतीय समाज की रामलीला

रुद्रपुर। पर्वतीय समाज समिति की बैठक सोमवार को श्री मनोकामना माता मंदिर में हुई। इस दौरान रुद्रपुर में पहली बार रामलीला कराने पर विचार किया गया। इस दौरान हनुमान स्तुति और चालीसा के पाठ के साथ रामलीला की रिहर्सल शुरू की गई। मंदिर परिसर में गूंजे रामभक्ति के स्वरों से माहौल भक्तिमय हो गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष गिरीश चंद्र जोशी, महामंत्री हीरा बल्लभ पांडेय, कोषाध्यक्ष संजय अधिकारी, रमेश चंद्र ओली, रमेश चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष शिवपाल भाकुनी रहे।

### पहाड़ी से गिरे बोल्डर, आदि कैलाश यात्रा मार्ग हुआ बंद

पिथौरागढ़। धारचूला में आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर ब्यालधार के पास मंगलवार सुबह भूस्खलन से सड़क बंद हो गई, जिससे दर्जनों वाहन फंस गए। बीआरओ की 65 आरसीसी ग्रेफ टीम ने पहले ही आवाजाही रोक दी थी, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई।

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर मंगलवार सुबह ब्यालधार (पांगला से दो किमी आगे) के पास अचानक भारी भूस्खलन हो गया। पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा गिरने से सड़क पूरी तरह बंद हो गई, जिससे दोनों ओर दर्जनों वाहन फंस गए। हालांकि, बीआरओ की 65 आरसीसी ग्रेफ टीम ने पहले ही भूस्खलन की आशंका भांप ली थी और वाहनों की आवाजाही रोक दी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि दो जेसीबी मशीनों से मलबा हटाने का काम चल रहा है, और शाम तक सड़क खोलने की उम्मीद है।

### भूलवश

समस्त पाठकों को सूचित किया जाता है कि उत्तरांचल दीप समाचार पत्र के 4 अगस्त 2026 के अंक में भूलवश क्रमांक सं0 50 छप गया है, जो कि 46 सही है। जिस कारण 4 से 24 अगस्त तक क्रमांक सं0 5 दिन आगे प्रकाशित हो चुका है, जिसे आज के अंक में संसोधन कर क्रमांक सं0 63 सही प्रकाशित किया जा रहा है।

## प्रदेश में आज भी भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग का तीन जिलों में येलो अलर्ट

देहरादून

हमारे संवाददाता

मानसून के बीच उत्तराखंड में बारिश का दौर अभी थमता नजर नहीं आ रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में तेज बारिश के चलते मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मंगलवार को भी भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 30 अगस्त तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसे ही रहने के आसार हैं।



राजधानी दिल्ली में हुई मूसलाधार बारिश ने जल निकासी और आपदा प्रबंधन व्यवस्था की तैयारियों की पोल खोल दी है। बारिश के बाद नई दिल्ली के वीआईपी और प्रमुख इलाकों से लेकर बाहरी दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली तक जलभराव की शिकायतें सामने आईं।

### बारिश से आठ मोटर मार्ग बंद, कई मकानों को भूस्खलन का खतरा

बागेश्वर। सोमवार सुबह जिलेभर में हुई झमाझम बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण जिले के आठ प्रमुख मोटर मार्ग बंद हो गए, जिससे कई क्षेत्रों में आवाजाही ठप हो गई। जगह-जगह भू-धंसाव और भूस्खलन से कई मकानों को भी खतरा पैदा हो गया है। मुख्य पिंडारी मोटर मार्ग पर बावे बैंड के पास पहाड़ी से भारी बोल्डर गिरने से मार्ग एक बार फिर बंद हो गया। सड़कें बाधित होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पेयजल और संचार सेवाएं भी आंशिक रूप से प्रभावित हुई हैं। जिले में बीते 24 घंटे के दौरान औसतन 10.33 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बागेश्वर में 12, कपकोट में 11 और गरुड़ में आठ मिलीमीटर वर्षा हुई। लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर भी बढ़ा है। सरयू नदी का जलस्तर 867 मीटर और गोमती नदी का जलस्तर 863.85 मीटर पहुंच गया है। बैजनाथ बैराज में तालाब का जलस्तर 1113.20 मीटर दर्ज किया गया जबकि डाउनस्ट्रीम में 949.72 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। नदियों में तेज बहाव के साथ सिल्ट आने से नगर क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। कई इलाकों में नलों से गंदा पानी आने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीएम धामी के निर्देश पर प्रत्येक जिले में कार्रवाई

## मिलावट-जमाखोरी पर कसा शिकंजा, अभियान किया तेज

देहरादून

हमारे संवाददाता

त्योहारी सीजन में मिलावट और जमाखोरी पर सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में जांच अभियान तेज कर दिया गया है, जिसमें खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से लेकर चीनी की जमाखोरी और घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल तक की पड़ताल की जा रही है।



त्योहार के मौसम में मिलावट व जमाखोरी के खिलाफ सरकार ने कड़ा रूख अख्तियार कर लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रत्येक जिले में सरकारी मशीनरी ने जांच अभियान तेज कर दिया है। जिलाधिकारियों से एक सप्ताह तक अभियान चलाने के लिए कहा गया है। मॉनिटरिंग का जिम्मा मंडलायुक्तों को दिया गया है।

रूद्रप्रयाग जिले में टीम ने 12 दुकानों का निरीक्षण कर छह सैंपल भरे। छह दुकानों में एक्सपायरी डेट का सामान मिलने पर दुकानदार को चेतावनी दी गई और सामान नष्ट कर दिया गया। अल्मोड़ा जनपद में दो मिठाइयों के सैंपल लिए गए। वहीं, बागेश्वर जनपद में आठ प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और तीन सैंपल लिए गए। पिथौरागढ़ जनपद में दो सैंपल लिए जाने की सूचना दी गई है। चंपावत जिले में जांच अभियान एक अगस्त से चल रहा है। वहां पर अभी तक 21 स्थानों पर निरीक्षण किया गया है। इनमें दस जगहों पर सैंपल लेकर उन्हें लैब भेजा गया है। सर्वे के लिए तीन सैंपल लिए गए हैं।

देहरादून में भी सोमवार को जिला प्रशासन ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान 11 खाद्य नमूने एकत्रित किए गए। तीन प्रतिष्ठानों को व्यवस्था में सुधार के लिए चेतावनी दी गई। जनपद में एक अगस्त से अभी तक 70 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 48 सैंपल एकत्रित किए गए हैं।
सर्वे के लिए 20 सैंपल अलग से लिए गए हैं। 11 दुकानदारों को सुधार के लिए नोटिस दिया गया है। इसके अलावा, एडीएम कोर्ट में चार वाद दर्ज कराए गए हैं। हरिद्वार में जांच अभियान 17 अगस्त से चल रहा है। अभी तक वहां पर 47 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण का 27 सैंपल भरे गए हैं। दस दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं।

## राजनीतिः विधायक बेहड़ समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे एसएसपी दफ्तर, धरने पर बैठे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसआईआर आपत्ति बैठक में विधायक शिव अरोरा और पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल के बीच हुई झड़प के बाद जैसे ही ठुकराल के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज हुआ और देर रात पुलिस ने दबिश दी।

पुलिस की कार्रवाई से तराई की राजनीति गरमा गई। मंगलवार की सुबह किच्छा विधायक तिलक राज बिहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा,महानगर अध्यक्ष ममता रानी के साथ बड़ी तादाद में कांग्रेसी पुलिस कार्यालय पहुंचे और गेट पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में एसएसपी गेट पर लगे लोहे की बेरिकेडिंग को उखाड़ कर अंदर घुसने का प्रयास किया। जिसको लेकर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्का मुक्की हुई। काफी जदोजहद के बाद पुलिस ने रोका और कांग्रेसियों ने वही पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। एक तरफ कांग्रेसी गेट के बाहर हल्ला काट रहे थे। वहीं बेहड, जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष समेत अन्य कांग्रेसी जबरन अंदर घुसे और पुलिस ऑफिस में धरने पर बैठ गए। विधायक बेहड़ ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया। कहा कि कौन धाराओं में ठुकराल के घर पर रात को दबिश दी। कप्तान इसका कारण बता दें। इसी के बाद ही कांग्रेसी धरने पर बैठे रहे। एसडीएम मनीष बिष्ट, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी समेत अन्य पुलिस अधिकारी विधायक को समझाते रहे।



## लखिया का आशीर्वाद पाने के लिए उमड़ी आस्था की भीड़

पिथौरागढ़

हमारे संवाददाता

पूरे प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला रोमांच से भरपूर सोरघाटी के कुमौड़ का प्रमुख हिलजात्रा पर्व आस्था के साथ मनाया गया। हिलजात्रा के मुख्य पात्र भगवान शिव के गण लखिया को देखने के लिए आस्था की भीड़ जुटी।

सैकड़ों लोगों ने घरों की छतों पर खड़े होकर हिलजात्रा देखी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कुमौड़ की हिलजात्रा पर्व आस्था के साथ ही मुखौटा संस्कृति का वाहक और पहचान है। सोमवार को इस पर्व को लेकर उत्साह के साथ मनाया गया। कुमौड़ के लोगों ने सुबह के समय परंपरा के अनुसार मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इसके बाद कोट में हिलजात्रा के पात्रों को मुखौटों और विशेष रंगों से तैयार किया गया। सुबह से ही लोगों का कुमौड़ पहुंचना शुरू हो गया। दोपहर तक देवखली



और मुख्य मार्ग दर्शकों से भर गया। यहां तक कि लोगों ने आसपास के घरों की छत में चढ़कर अपने लिए जगह बनाई। गल्या बल्द, बौड़िया हौल, बड़ो हौल, नेपाली हौल, हलिया, पुतारियां, मछुवारे, दही-ठेकी वाले आदि पात्रों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और मुखौटा संस्कृति की पहचान कराई। अंत में ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के बीच भगवान शिव के प्रमुख गण माने जाने वाले लखिया ने मैदान में प्रवेश किया। विशाल मुखौटा, गले में बंधी घंटियां, हाथों में चंवर लेकर भगवान शिव का गण लखिया मैदान में पहुंचा तो दर्शक रोमांचित हो उठे। दो गणों ने बमुश्किल कमर पर बंधी रस्सी के सहारे लखिया को काबू में किया। लखिया को मनाने के लिए महिलाओं ने फूल और अक्षत से पूजा की। इसके बाद श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देकर लखिया शांत होकर लौटा। इस दौरान लोगों ने लखिया और भगवान शिव के जयकारे लगाए इनसे पूरी सोर घाटी गूंज उठी। इस मौके पर विधायक बिशन सिंह चुफाल, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, महापौर कल्पना देवलाल, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, डीएम आशीष कुमार भटगाई, एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे, सीडीओ डॉ. दीपक सैनी, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर, गोपू महर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बीपीएससी पर छात्रों का गांधी मैदान से राजभवन कूच

नई दिल्ली

एजेंसी

70वीं बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने और कथित अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर मंगलवार को पटना में छात्रों ने बड़ा प्रदर्शन किया। गांधी मैदान से राजभवन की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी और प्रतिबंधित क्षेत्र की ओर बढ़ने की कोशिश की।

70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर मंगलवार को पटना में छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। गांधी मैदान से राजभवन की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों ने रास्ते में लगी पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। छात्र प्रतिबंधित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए सुरक्षा



व्यवस्था कड़ी कर दी। प्रदर्शनकारी 70वीं बीपीएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों की जांच की मांग कर रहे हैं। डीएसपी कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि अगर प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे तो पुलिस उन्हें रोक देगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ छात्रों की बातचीत सकारात्मक रही है और उम्मीद है कि छात्र उनकी बात मानेंगे। उन्होंने कहा, हम उन्हें रोकेंगे और आगे नहीं बढ़ने देंगे। हालांकि, बातचीत सकारात्मक रही है और हमें उम्मीद है कि छात्र सहमत होंगे। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के सामने कई मुद्दे रखे हैं और बातचीत का नतीजा सकारात्मक रहा है। इसलिए उम्मीद है कि प्रदर्शन में कम लोग शामिल होंगे और छात्र सहमत हो जाएंगे। अगर वे नहीं मानते हैं तो हम उन्हें यहीं रोक देंगे और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने देंगे।

# विद्यार्थियों को दिया बचत, निवेश और बजट प्रबंधन का मंत्र

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से जागरूक और जिममेदार बनाने के विशेष मकसद से सोमवार को दो दिनी वित्तीय साक्षरता अभियान का शुभारंभ हो गया।अभियान के पहले दिन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बचत, निवेश और बजट प्रबंधन के साथ ही सही वित्तीय निर्णय लेने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

वाणिज्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूजा जोशी ने किया। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने बताया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता बेहद जरूरी है। पढ़ाई के साथ युवाओं को अपनी आय समेत खर्च, बचत और निवेश की बेहतर योजना बनाना भी सीखना चाहिए। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। मुखय वक्ता प्रो. ऋत्विक




**अभियान**
- कुविवि के वाणिज्य विभाग में वित्तीय साक्षरता अभियान शुरू

दुबे ने वित्तीय साक्षरता, वित्तीय प्रबंधन और जिममेदार वित्तीय निर्णयों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित बचत की आदत विकसित करने और निवेश के विकल्पों को समझने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट वक्ता मनोज भट्ट ने कहा कि सरकार छात्रों के हितों के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गूगल ज्ञान की गंगा है लेकिन इसमें मुहैया जानकारी में से कौन सा ज्ञान लेना है इसका निर्णय विद्यार्थियों को स्वयं करना होगा। प्रो. अतुल जोशी ने बताया कि अभियान के तहत विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निबंध लेखन और पोस्टर तथा पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इस मौके पर शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक केके पांडेय, डॉ. भुवन आर्या, डॉ.अनीता भट्ट, डॉ.आरती पंत, डॉ. ममता जोशी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. रितीशा शर्मा, डॉ मिराज, डॉ. ताबिश अहमद, अमनदीप कौर, हिमांशु बिष्ट, घनश्याम पालीवाल, बिशन चंद्र व राधा आदि रहे।

## आधे-अधूरे तथ्यों, भ्रामक डिजिटल सामग्री व सोशल मीडिया ट्रायल से आहत कुविवि परिवार

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल, जेसी बोस परिसर भीमताल तथा प्रशासनिक भवन से जुड़े गुरुजनों, कर्मचारियों, शोधार्थियों व छात्र-छात्राओं की सोमवार को हुई आपात संयुक्त बैठक में विगत दिनों एक यू-ट्यूब चैनल एवं उससे संबद्ध फेसबुक पेज के माध्यम से कुमाऊँ विश्वविद्यालय,उसके अधिकारियों तथा विशेष रूप से कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को लेकर प्रसारित की जा रही सामग्री पर गहरी चिंता, पीड़ा और कड़ी आपत्ति जताई गयी।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि विश्वविद्यालय किसी भी विद्यार्थी की शिकायत को गंभीरता से लेता है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी बात रखने तथा न्याय प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। किंतु किसी शिकायत अथवा प्रशासनिक प्रकरण के आधे-अधूरे तथ्यों, चयनित दस्तावेजों तथा एकपक्षीय कथनों तथा अपुष्ट आरोपों को लगातार सनसनीखेज वीडियो एवं सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना और उसके आधार पर किसी व्यक्ति अथवा पूरे संस्थान की सार्वजनिक छवि को प्रभावित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।गुरुजनों, कर्मचारियों व शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भावुक स्वर में कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही इस प्रकार की एकतरफ । प्रस्तुति से पूरा विश्वविद्यालय समुदाय आहत है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि विश्वविद्यालय समुदाय किसी भी विद्यार्थी की शिकायत की जाँच के विरुद्ध नहीं है। यदि किसी विद्यार्थी के साथ अन्याय हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए और यदि किसी अधिकारी, शिक्षक या कर्मचारी की गलती प्रमाणित होती है तो नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

## दिल्ली में स्वाइन फलू बढ़ा तो नैनीताल स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**नैनीताल** । दिल्ली में स्वाइन फलू के मामलों में तेजी आने के बाद नैनीताल स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। इन दिनों वीकेंड पर बाहरी राज्यों से बड़ी संखया में पर्यटकों के पहुंचने को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों से लेकर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी कर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को संदिग्ध मरीजों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने बताया कि दिल्ली में स्वाइन फलू के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिले में एहतियात बरती जा रही है। सभी अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी को चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध मरीज मिलने पर तत्काल आवश्यक जांच और उपचार की व्यवस्था करने को कहा गया है। उन्होंने लोगों से भी लक्षण दिखने पर लापरवाही न बरतने की अपील की। दूसरी ओर राजकीय बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि स्वाइन फलू एक श्वसन संबंधी संक्रमण है।



## कैलाश मानसरोवर यात्रा के अंतिम दल के यात्रियों का किया स्वागत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के अंतिम दसवें दल के यात्रियों का सोमवार को पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में पहुंचने पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक/राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा माला पहनाकर स्वागत के साथ यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए शपथ दिलाई।

दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान के 770 वें दिन यात्रियों को पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी व होलीडे होम अल्मोड़ा में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए। दिनेश गुरुरानी द्वारा कैलाश मानसरोवर की यात्रा में पहली बार गए कुमाऊँ मंडल विकास निगम के रसोइयों को भी माला पहनाकर पौधारोपण अभियान से जोड़ा गया। यात्रियों ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाई जा रही हिमालय बचाओ अभियान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कैलाश यात्रा जाते समय उनके द्वारा दिए गए पौधों को गुंजी व कालापानी में रोपित किया और हिमालय को कूड़ा मुक्त करने के लिए भी सहयोग दिया। यात्रियों ने कहा कि वह यात्रा पूरी करने की उपरांत अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा वर्ष 2013 से वर्तमान तिथि तक लगातार कैलाश मानसरोवर व आदि कैलाश यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ा जाता रहा है।कार्यक्रम में आवास गृह के बलवंत सिंह, बबलु,ललित, हर सिंह, गजेंद्र धामी, महेश दास, सुंदर गिरी, ललित कुमार तथा चंदन सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## जिमनास्टिक में 26 पदक जीतकर शेरवुड बना चैंपियन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय कलात्मक जिमनास्टिक प्रतियोगिता में नैनीताल के शेरवुड कॉलेज ने 26 पदक जीतकर ओवरआल चैंपियन बना। प्रतियोगिता में देश के 10 प्रतिष्ठित स्कूल शामिल थे।

महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज देहरादून में प्रतियोगिता 22 व 23 अगस्त को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के 13 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं कई चरणों में हुई जिनमें शेरवुड कालेज के विद्यार्थियों का दबदबा शुरू से अंत तक देखने को मिला। सर्वाधिक 26 पदक मिलने पर शेरवुड को ओवर आल चैंपियन घोषित किया गया। विद्यालय की टीम में मोहित कुमार, हरजन प्रताप सिंह, अर्नव अग्रवाल, मोलिक मेहता, अली अबबास, हेरंग गुप्ता, अनन्त राज, कियान, आर्यन, अक्षांश, समर्थ भट्ट, जयन्त सिंह, ऐरान डेविड शामिल थे। प्रधानचार्य अमनदीप सन्धू ने इस कीर्तिमान का श्रेय विद्यार्थियों व कोच को देते हुए कहा कि यह वास्तव में विद्यालय और नगर के लिए गौरव की बात है। इससे पूर्व इसी सत्र में विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता में ओवर आल ट्राफी हासिल की थी ए उसके बाद फुटबॉल ट्रॉफी भी अपने नाम की और अब जिमनास्टिक में ओवर आल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। जीतकर लौटी टीम का विद्यालय प्रांगड़ में स्वागत किया गया।



## NEWS / फटाफट

### नींद की झपकी में थार खाई में गिरी, बाल-बाल बचे

**नैनीताल** । फरीदाबाद (हरियाणा) से नैनीताल घूमने आ रहे पर्यटकों की थार रूसी बाइपास में खाई में गिर गई। अन्य पर्यटकों की मदद से थार सवारों को खाई से निकाला। तल्लीताल कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फ रीदाबाद (हरियाणा) निवासी साहिल व कुलदीप थार संखया एचआर 30 एए 6500 से कैंची व जागेश्वर जा रहे थे। वह कालाढूंगी रोड से रूसी बाइपास में पहुंचे। जहां कुछ दूर जाकर साहिल को नींद की झपकी आ गई और गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इससे पहले की वह गाड़ी को संभाल पाता वह थार समेत खाई में गिर गए। उनके पीछे से आ रहे पर्यटकों के वाहन ने उनको खाई में गिरते देख लिया। लगभग 60 मीटर गहरी खाई से वह दोनों थार सवारों को ले आए। इस दौरान थार में सवार कुलदीप चोटिल हो गया। जिसको पर्यटक हल्द्वानी अस्पताल ले गए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि नींद की झपकी के कारण हादसा हुआ था बताया कि दोनों थार सवार सुरक्षित हैं।

### नैनीताल में बारिश से जन जीवन प्रभावित

**नैनीताल** । नैनीताल में सोमवार को दोपहर बाद तेज बारिश हुई। तेज बारिश ने लोगों की राहें रोक ली। नाले उफ न पर आ गए और सड़कों में जलभराव हो गया। बता दें नगर में सुबह के समय मौसम साफ था और धूप खिली हुई थी। बारिश का जरा भी अनुमान नहीं था लेकिन दो बजे मौसम ने करवट बदली और जबरदस्त बारिश शुरू हो गई। बारिश ने डेढ़ घंटे तक लोगों को जड़वत कर दिया। लोअर मालरोड में जल भराव होने से लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। नाले उफान पर आने से कूड़े कचरे के ढेर झील में समा गए। इस बीच पर्यटन गतिविधियां ठप रही। एक घंटे तक बारिश ने जमकर तांडव दिखाया। बारिश थमने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और नगर का जन जीवन सामान्य हो सका। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बारिश 30 मिमी हुई।

### नैनीताल में जुलूस-ए-मोहममदी के लिए सजा बाजार

**नैनीताल** । ईद-ए-मिलादुन्नबी को लेकर नैनीताल में तैयारियां तेज हो गई हैं। ईद ए मिलादुन्नबी कमेटी की ओर से 25 से 27 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम



आयोजित किए जाएंगे। जिसके लिए बड़ा बाजार को भी आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। बता दें 25 अगस्त को चांद की 11 तारीख के अवसर पर जामा मस्जिद में मिलाद शरीफ का आयोजन होगा इसमें हल्द्वानी की नूरी मस्जिद के मुफती मौलाना हजरत मोहमद अली किबला साहब शिरकत कर तकरीर करेंगे जबकि 26 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे रजा कलब से जुलूस ए मोहममदी निकाला जाएगा। जुलूस के बाद महफिल का आयोजन होगा जिसमें हल्द्वानी की गौसिया मस्जिद के इमाम साहब ईद.ए.मिलादुन्नबी के बारे में जानकारी देंगे। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा वहीं 27 अगस्त को दोपहर एक बजे से रजा कलब में लंगर ए आम आयोजित किया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के बाजारों और मस्जिदों को भी सजाया जा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता व्यक्ति का शव बरामद

**नैनीताल** । नैनीताल में नैनीताल- भवाली मार्ग पर जोखिया के पास एक व्यक्ति का शव खाई से बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्कयू अभियान चलाकर शव को खाई से बाहर निकाला। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तल्लीताल कोतवाली के एएसआई लाल सिंह बिष्ट के मुताबिक मृतक की पहचान नेपाल कमला बाजार निवासी टेक बहादुर के रूप में हुई है। वह भवाली मार्ग क्षेत्र में मजदूरी करता था और पिछले तीन दिनों से लापता था।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## नैनीताल में नंदा महोत्सव को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल में श्री नन्दा देवी महोत्सव के आयोजन के संदर्भ में सोमवार को श्री राम सेवक सभा भवन में उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिक ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली ।

बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया । पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने सभी का स्वागत किया तथा महासचिव जगदीश बवाड़ी ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी । उप जिलाधिकारी ने बताया कि 124वें श्री नंदा देवी महोत्सव की थीम संस्कार,संस्कृति एवं समृद्ध विरासत है जिसमें संस्कृति का बयार का प्रदर्शन होगा । उप जिलाधिकारी ने विभागों अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि महोत्सव में सीसी टीवी कैमरा के साथ सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी मौजूद होंगे । उन्होंने



महोत्सव में दुकानों की उचित व्यवस्था तथा मैदान को बराबर करने सहित हिल जात्रा को महोत्सव में दिखाए जाने तथा महोत्सव का सीधा महोत्सव दिखाने सहित साफ सफाई की उचित व्यवस्था बनाए की निर्देश दिए । महोत्सव 16 सितंबर से 23 सितंबर तक आयोजित होगा । बैठक में यह भी अपील की गई कि महिलाएं कुमाउनी परिधान में आए पर सोने के आभूषण का कम से कम इस्तेमाल करे । बैठक को पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा तथा सीओ अंजना नेगी ने भी संबोधित किया । बैठक में सभी विभागों के सामंजयश तथा त्वरित कार्य पर चर्चा हुई ।

## तल्लीताल क्षेत्र में पेड़ की लॉपिंग को लेकर उठे सवाल

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में बांज के हरे पेड़ की शाखाएं काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने वन विभाग से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। लोगों ने हरे पेड़ की शाखाएं काटे जाने पर सवाल उठाते हुए इसे पर्यावरण के लिए नुकसानदायक बताया।

मामला वन विभाग के संज्ञान में आने के बाद नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि तल्लीताल स्थित कुमाऊं रिट्रीट के समीप बांज के पेड़ की शाखाएं काटे जाने की शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि कुमाऊं रिट्रीट के भू स्वामी डॉ. अजय अरोड़ा की ओर से खतरनाक पेड़ की शाखाओं की लॉपिंग के लिए आवेदन किया गया था।वन क्षेत्राधिकारी कार्की के मुताबिक आवेदन के बाद पातन समिति की ओर से मौके का निरीक्षण किया गया।

# अभिमत



## पेंशन भीख नहीं

*सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जिला अदालतों से सेवानिवृत्ति के बाद कुछ न्यायिक अधिकारियों को महज 15 हजार रुपये पेंशन मिलती है। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं कि वे कैसे अपनी आजीविका चलाते होंगे। शीर्ष अदालत ने केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का निर्देश दिया था, परन्तु सरकार ने निर्णय नहीं किया। जबकि उम्मीद थी कि सुप्रीमकोर्ट के न्यायमूर्ति स्वतः संज्ञान लेते हुए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन के बारे में भी सरकार को निर्देश दे सकते हैं।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद अनेक एतिहासिक निर्णय लिये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोखिम भरे फैसले लेकर दूरगामी प्रभाव वाले बदलाव किये हैं। समाज के अंतिम छोर के नागरिकों के जीवनस्तर को उठाने के लिए अनेक काम किये हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की योजनाएं फाइलों तक सीमित नहीं रही हैं, बल्कि धरातल पर उतरी हैं। उपलब्धियों की लम्बी सूची की बदौलत ही लगातार तीसरी बार मोदी सत्तारूढ़ हुए हैं, परन्तु पेंशन संबंधी महत्वपूर्ण और मानवीय समस्या का समाधान नहीं हो सका। सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर वर्षों से आवाज उठा रहे हैं। निजी क्षेत्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन बढ़ाने को लेकर हर स्तर पर प्रयास कर चुके हैं। निजी क्षेत्र के रिटायर्ड कर्मचारी अपने खून से लिखकर राष्ट्रपति को इच्छा मृत्यु की अनुमति देने का प्रार्थना पत्र तक सौंप चुके हैं। इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की कथनी-करनी में विरोधाभास है। वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने कोश्यारी समिति का गठन किया था। समिति ने न्यूनतम तीन हजार रुपये पेंशन की सिफारिश की थी। विडम्बना यह है कि सरकार ने खुद समिति का गठन किया और उसकी सिफारिश स्वीकार नहीं की। एक बार तो संसद के अंदर सफेद झूठ भी बोला। वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को न्यूनतम एक हजार रुपये पेंशन का प्रस्ताव किया। चुनाव के बाद मनमोहन सिंह सत्ता में वापसी नहीं कर सके। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रस्ताव को लागू किया। मनमोहन सिंह द्वारा न्यूनतम पेंशन देने का श्रेय मोदी सरकार ने ले लिया। कोश्यारी समिति ने जब तीन हजार रुपये की सिफारिश की थी, उस समय से महंगाई कई गुना बढ़ गई है। अब कम से कम 15 हजार पेंशन होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जिला अदालतों से सेवानिवृत्ति के बाद कुछ न्यायिक अधिकारियों को महज 15 हजार रुपये पेंशन मिलती है। ऐसे में अनुमान लगा सकते हैं कि वे कैसे अपनी आजीविका चलाते होंगे। शीर्ष अदालत ने केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का निर्देश दिया था, परन्तु सरकार ने निर्णय नहीं किया। जबकि उम्मीद थी कि सुप्रीमकोर्ट के न्यायमूर्ति स्वतः संज्ञान लेते हुए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन के बारे में भी सरकार को निर्देश दे सकते हैं। सरकार पेंशन को भीख न समझे। जीवन के 30-40 साल तक किसी भी क्षेत्र में पसीना बहाकर काम करने के बाद वृद्धावस्था में पेंशन हर नागरिक का अधिकार है।

# बूथ सशक्तीकरण अभियान की जिला कार्य योजना बैठक

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

ऊधम सिंह नगर के जिला प्रभारी बनने के बाद पहली बार भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे खिलेन्द्र चौधरी का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद जिला कार्यालय में बूथ सशक्तीकरण अभियान की जिला कार्य योजना बैठक आयोजित हुई। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया।बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे ने किया। जिला महामंत्री तरुण दत्ता कार्यक्रम के संयोजक तथा हिमांशु शुक्ला, आदेश चौहान सह–संयोजक रहे।

प्रदेश आइटी सह–संयोजक अमित चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ता नियुक्ति, डिजिटलाइजेशन, प्रोफाइलिंग और सत्यापन की प्रक्रिया समझाते हुए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जानकारी को व्यवस्थित एवं सत्यापित करने पर जोर दिया।



**बूथ मजबूत तो संगठन मजबूत:खिलेन्द्र चौधरी-** जिला प्रभारी खिलेन्द्र चौधरी ने कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। बूथ मजबूत होगा तो संगठन भी मजबूत होगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर लगातार संपर्क अभियान चलाने और वहां रहने वाले सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आपसी समन्वय और नियमित संवाद को प्राथमिकता दी जाए। कार्यकर्ता नियुक्ति,सत्यापन और प्रोफाइलिंग के साथ डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए।

### अभियान को प्रभावी ढंग से बढ़ाना जरूरीः साकेत अग्रवाल

रुद्रपुर। जिला सह प्रभारी साकेत अग्रवाल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने बूथ सशक्तीकरण अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने को आपसी तालमेल ज़रूरी है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता आवश्यक है। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री गंभीर धामी, मोहिनी पोखरियाल,किशन सिंह टिन्ना, जिला नैनीताल प्रभारी विवेक सक्सेना, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी, सह प्रभारी जिला नैनीताल रणदीप पोखरियाल सहित जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चीनी मिल के बकाया और जमीन बिक्री की होगी जांच

रुद्रपुर। किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता और अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में हर महीने किसान दिवस मनाने समेत अन्य बिंदुओं पर सहमति बनी। किसानों की मांगों का शीघ्र निराकरण किया करने और नीतिगत मांगों को शासन को भेजने पर भी प्रशासन ने निर्णय लिया।

बैठक में डीएम भदौरिया ने कहा कि किसानों की कई मांगों पर पूर्व में ही उनके स्तर से कार्रवाई की जा चुकी है। इसके बावजूद वह निरंतर किसानों की समस्याओं पर वार्ता के लिए तत्काल बैठते हैं। किसानों ने बताया कि काशीपुर चीनी मिल पर वर्ष 2007 और 2012-13 का बकाया है, जिस पर इलाहाबाद में वाद चल रहा है। बताया कि मिल प्रबंधक ने 50 एकड़ भूमि परिवार के नाम बेच दी है। इस पर डीएम ने सहायक गन्ना आयुक्त को इलाहाबाद जाकर पैरवी करने और एडीएम पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति एक माह में रिपोर्ट देगी।

# मिठाई की दुकानों,डेयरियों और रेस्टोरेंट में छापा, एक पर प्राथमिकी दर्ज की

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

रक्षाबंधन त्योहार पर मिलावटी मिठाई न बिके, इसको लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई की दुकानों, डेयरियों और रेस्टोरेंट में छापामारी की। टीम ने आवास विकास के मुख्य बाजार में एक प्रतिष्ठान पर गंदगी में खुले में खाद्य पदार्थ रखे मिलने पर दुकानदार के खिलाफ एफएसएसए एक्ट में प्राथमिकी की है।

सोमवार को सहायक आयुक्त ललित मोहन पांडेय के नेतृत्व में टीम ने नैनीताल रोड, आवास विकास,मुख्य बाजार क्षेत्र में निरीक्षण किया। टीम ने अनमोल स्वीट,एना स्वीट कॉर्नर पनीर,रुद्रपुर स्थित आवास विकास में डेयरी, रेस्टोरेंट और नैनीताल रोड स्थित प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट से तीन नमूने पनीर के लिए। इसके साथ ही आवास विकास स्थित दुकान से एक नमूना गाय के दूध का और एक नमूना पनीर का लिया। शिव शक्ति मंदिर,आवास विकास स्थित मिठाई निर्माता से एक नमूना रसगुल्ला का लिया। छह नमूने जांच के लिए राजकीय खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद मानकों पर खरा न उतरने पर संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह, आशा आर्या, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे। उधर सहायक आयुक्त ललित मोहन पांडेय ने बताया कि टीम अलग-अलग जगहों पर पहुंच मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए जा रहे हैं। सभी नमूने जांच को भेजे गए हैं। जांच के आने के बाद कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से भी मिलावटी मिठाई,पनीर से सावधान रहें। उधर शहर में खाध विभाग की ओर से की गई कार्रवाई को लेकर लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हैं। चर्चाएं तो यहां तक है कि विभाग की त्योहारों पर सक्रियता नजर आती है।



# फिल्मी दुनिया

## स्त्री 2 में किसने किए थे श्रद्धा के स्टंट, देखकर चौंके यूजर्स





*मैडॉक्स फिल्म्स की स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। इसने शानदार प्रदर्शन किया। श्रद्धा कपूर ने भी अपने अभिनय से खूब दिल जीते। साथ ही कुछ रोमांचक एक्शन भी करती दिखी थीं। मगर, हकीकत में यह एक्शन सीक्वेंस किसने परफॉर्म किए थे? इसका खुलासा खुद ये हैरतअंगेज स्टंट करने वाली अदाकारा ने किया है।*

*फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर ने कई रोमांचिक एक्शन सीन्स से दर्शकों का दिल जीता। मगर, हकीकत में यह एक्शन सीन नादिन थेरॉन ने किए थे। अब फिल्म की रिलीज के करीब दो साल बाद नादिन थेरॉन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म के बीटीएस (बिहाइंड द सीन) साझा किए हैं। श्रद्धा कपूर का आइकॉनिक चोटी लहराने वाला स्टंट भी वे करती दिख रही हैं।*

*इसके साथ लिखा है, मूवीज मंडे। आगे लिखा है, स्त्री 2, यह सच में बहुत मजेदार प्रोजेक्ट था। भारत को एक्सप्लोर करने, गैग्स आजमाने, कैमरे के सामने तैयार रहने और शानदार श्रद्धा कपूर के साथ काम करने का मौका मिला। इस प्रोजेक्ट में मुझे शामिल किया गया, इसके लिए शुक्रगुजार हूं।*

### कौन हैं नादिन थेरॉन?

*नादिन थेरॉन एक दक्षिण अफ्रीकी अभिनेत्री और प्रोफेशनल स्टंट आर्टिस्ट हैं। उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में मुख्य अभिनेत्रियों के लिए स्टंट बॉडी डबल के रूप में काम किया है। नादिन ने आज सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। श्रद्धा के अलावा नादिन थेरॉन ने आलिया भट्ट की बॉडी डबल के रूप में भी काम किया है। यश राज फिल्म्स की एक्शन स्पाई फिल्म अल्फा में आलिया भट्ट के एक्शन सीन उन्होंने परफॉर्म किए।*

# संस्कृत विभाग में संस्कृत सप्ताह विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के संस्कृत विभाग में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत सोमवार से विविध कार्यक्रम प्रारंभ हो गये हैं।

इसके तहत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोधच्छात्रों ने मनोभावन श्लोक प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा समूह गान प्रतियोगिताओं में अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. लज्जा भट्ट ने की। संस्कृत विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रो. भट्ट ने कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक रूप से नैतिक मूल्यों के उत्कर्ष को प्रकट करती है। इन सबको जानने के लिए संस्कृत का अध्ययन नितांत आवश्यक है।

अतः हम सब भारतवासियों को संस्कृत के प्रचार–प्रसार हेतु निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. जया तिवारी, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ सुषमा जोशी, डॉ मनोज, डॉ संदीप, भावना राणा, जगदीश, हर्षित जोशी, दीपक पाण्डेय, हिमांशु, काजल, प्रमोद तथा मीनाक्षी आदि के अतिरिक्त बड़ी संखया में विद्यार्थी उपस्थित थे।



News कॉर्नर

### ऑनलाइन प्राप्त खतौनी को विभाग अस्वीकार न करें: जिलाधिकारी

नैनीताल । जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों समेत उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि उत्तराखण्ड सरकार के अधिकृत ई-भूलेख पोर्टल से आम जनमानस द्वारा स्वयं डाउनलोड की गई कमप्यूटरीकृत खतौनी को स्वीकार किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में भू अभिलेखों के कमप्यूटरीकरण की व्यवस्था लागू है तथा सभी तहसीलों से कमप्यूटरीकृत खतौनी की नकलें जारी की जा रही हैं। आम नागरिक निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा कर पोर्टल से खतौनी प्राप्त/ डाउनलोड कर सकता है।उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि कतिपय विभागीय कार्यालयों द्वारा ई-भूलेख पोर्टल से आम जनमानस द्वारा स्वयं प्राप्त खतौनी को स्वीकार न करते हुए संबंधित व्यक्ति को पुन: तहसील कार्यालय से खतौनी की प्रति प्राप्त कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है जिससे अनावश्यक रूप से आम जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि विभागों द्वारा आम जनमानस को अनावश्यक रूप से तहसील कार्यालय से उसी दस्तावेज की पुन: प्रति प्राप्त करने हेतु बाध्य नहीं किया जाएगा।

### सात सितंबर से शुरू होंगी न्याय पंचायत स्तरीय खेल स्पर्धाएं

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी के लिए न्याय पंचायत स्तरीय खेलकू प्रतियोगिताएं सात सितंबर से शुरू होंगी। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवा कल्याण विभाग की ओर से प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमित सैनी ने बताया कि आठ सितंबर तक न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी। 15 और 16 को काशीपुर स्टेडियम में विधानसभा स्तरीय खेलकूद होंगे।

# वीर जवानों के साथ रक्षाबंधन, रक्षा सूत्र के साथ राष्ट्रसेवा और सम्मान का संकल्प

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर सोमवार को भवाली रोड स्थित छावनी परिषद के सभागार में देश की रक्षा में समर्पित वीर जवानों के सम्मान में विशेष रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने वीर जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके त्याग, साहस एवं राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में छावनी परिषद की सीईओ तनु जाट की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए वीर जवानों के प्रति सम्मान एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान महिला कार्यकर्ताओं



ने वीर जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ, सुरक्षित एवं सुखद जीवन की कामना की। रक्षाबंधन के इस पवित्र अवसर पर बहन भाई के स्नेह के साथ राष्ट्ररक्षा तथा सैनिकों के सम्मान और देशसेवा के संकल्प को भी मजबूती प्रदान की गई। सेना के जवानों को राखी बंधाने के बाद तल्लीताल व मल्लीताल कोतवाली में भी पुलिस के अधिकारियों व जवानों को भी राखी बांधी गयी। इस अवसर पर शांति मेहरा (दर्जा राज्य मंत्री), विमला अधिकारी (सदस्य, महिला आयोग), कविता गंगोला (जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा), अमिता साह (मंडल अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा), जीवंती भट्ट (पूर्व जिलाध्यक्ष ), हेमलता पाण्डे (महामंत्री), श्रीमती मीनू बुधलाकोटी (नामित सभासद), तारा राणा (जिला कार्यकारिणी सदस्य) समेत रश्मि सिराला, दीपा चौधरी, रेनू सिराला, नीरू पुजारी, गीता,शांति, कमला व आद्या जायसवाल सहित भाजपा महिला मोर्चा की अन्य कार्यकर्ता बहनें उपस्थित रहीं,दूसरी ओर भाजपा नैनीताल नगर मंडल की ओर से आशीष बजाज महामंत्री, विक्रम रातौर मंडल उपाध्यक्ष, भारत सिंह मेहरा विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक, कमल जोशी संयोजक समेत शैलेन्द्र बर्गली,मयंक पंत,कमल जोशी संतोष कुमार, करन साह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

# उपकारागार के बाहर कार से मिला तमंचा और कारतूस, युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उपकारागार के बाहर एक युवक के पास से तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि युवक जेल में बंद एक बंदी से मिलने आया था। वह जेल परिसर के बाहर अपनी वरना कार में मौजूद था। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी कार की चेकिंग की तो अंदर से का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जेल के बाहर हथियार मिलने से पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि युवक आखिर तमंचा लेकर वहां क्यों पहुंचा था और उसका मकसद क्या था।

**जेल के बाहर हथियार मिलने से उठे सवाल:** पुलिस की कार्रवाई ने उपकारागार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस स्थान पर बंदियों से मुलाकात के लिए लोग पहुंचते हैं, उसी के बाहर हथियार लेकर एक युवक के खड़े होने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने



मामले को गंभीरता से लिया है। पुलिस अब आरोपी के जेल में बंद बंदी से संबंधों के साथ-साथ उसके आपराधिक इतिहास और हथियार रखने के उद्देश्य की भी जानकारी जुटा रही है।

**संदिग्ध वरना कार की तलाशी में खुला राज:** कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम को संदिग्ध वाहन के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने उपकारागार के बाहर खड़ी वरना कार संख्या यूके 06आर-8499 की चेकिंग की। तलाशी के दौरान कार से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। हथियार मिलते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और कार को भी कब्जे में ले लिया।

**वारदात की आशंका की भी जांच**

जेल के बाहर तमंचा और कारतूस मिलने के बाद पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि कहीं आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में तो नहीं था। हालांकि आरोपी हथियार लेकर वहां किस उद्देश्य से पहुंचा था, इसका वास्तविक खुलासा पुलिस की जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हथियार के स्रोत और उसके संभावित इस्तेमाल के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**बाजपुर का रहने वाला है आरोपी:** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान जतिन्द्र सिंह पुत्र सरदार बलविन्दर सिंह, निवासी ग्राम गजरौला जोगीपुरा, थाना बाजपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करहै लिया है। आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# आईजी निवेदिता कुकरेती ने किया महिला कैडेट्स को प्रोत्साहित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित मेनू कैंप -2026 के आठवें दिन बालिका कैडेट्स ने नैनी झील में 27 किलोमीटर की सेलिंग पूरी की। इसके साथ ही कैंप के आठ दिनों में कैडेट्स द्वारा अब तक 209.5 किलोमीटर की कुल सेलिंग पूरी की जा चुकी है।

कैंप में सोमवार को निवेदिता कुकरेती आईपीएस आईजी कुमाऊँ रेंजए नैनीताल ने भ्रमण कर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैंप की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और कैडेट्स से बातचीत कर उनके प्रशिक्षण एवं अनुभवों की जानकारी ली। 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल शाह ने बताया कि आज की सेलिंग में विशेष रूप से बालिका कैडेट्स ने भाग लिया और उन्होंने 27 किलोमीटर की दूरी सफलतापूर्वक पूरी की। उन्होंने कहा कि लगातार चल रहे सेलिंग अभियान के माध्यम से कैडेट्स में साहस, धैर्य, टीमवर्क व अनुशासन और चुनौतीपूर्ण



परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो रही है।श्रीमती निवेदिता कुकरेती ने विशेष रूप से बालिका कैडेट्स से संवाद किया और उन्हें महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और युवतियों को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए चुनौतियों को अवसर में बदलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स से कहा कि अनुशासन, शिक्षा व आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के माध्यम से वे अपने लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी नेतृत्व की भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक सशक्त महिला केवल स्वयं आगे नहीं बढ़ती बल्कि अपने साथ कई अन्य लोगों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# 2027 में मजबूती से चुनाव लड़ेगी सपा, भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

समाजवादी पार्टी के उत्तराखंड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के देहरादून स्थित प्रदेश कार्यालय परेड ग्राउंड पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तराखंड में 2027 का विधानसभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी।

**संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर:** बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुए संगठन को और मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा जनता के मुद्दों को लेकर लगातार अभियान चलाने पर जोर दिया गया। सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया।

**सुमन देवी का किया सम्मान:** कार्यक्रम के अंत में सुमन देवी को हरिद्वार से सैफई (इटावा) तक पैदल पीडीए कांवड़ ले जाने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महंत शुभम गिरी, आभा बर्थवाल, आरके पाठक, अतुल शर्मा, संदीप नेगी, महिपाल यादव, आरिफ वारसी, अतुल यादव, हेमा बोरा, नासिर मंसूरी, सुमन देवी और रघवीर मेहता समेत दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार और सुझाव रखे।




### आवारा पशुओं से निजात दिलाए निगम प्रशासन

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष अलका पाल ने नगर निगम प्रशासन से शहर को लावारिस पशुओं के खौफ से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों के घूमने से आम नागरिकों में भय का माहौल है। कई बार लावारिस कुत्ते राहगीरों को काट लेते हैं। कूड़े के ढेरों पर भोजन तलाशते इन पशुओं से न केवल गोवंश की मर्यादा प्रभावित हो रही है, बल्कि सड़कों पर इनकी आपसी लड़ाई से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

# पूर्व आईएएस अधिकारी चौधरी बने उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग के आयुक्त

**देहरादून/नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड शासन ने पूर्व आईएएस अधिकारी दीपेन्द्र चौधरी को उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग का आयुक्त नियुक्त किया है। शासन की ओर से 21 अगस्त 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल ने उत्तराखंड सेवा का अधिकार अधिनियम-2011 एवं संशोधित अधिनियम-2014 की धारा 13(1) और धारा 15 के तहत यह नियुक्ति मंजूर की है।

सचिव डॉ. पंकज पांडे की ओर से नियुक्ति आदेश जारी किए गए। बता दे दीपेंद्र चौधरी का प्रशासनिक सेवा में



लंबा और विविध अनुभव रहा है। फरवरी 2026 में सचिव पद से सेवानिवृत होने से पहले उन्होंने उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि, सचिवालय प्रशासन तथा सैनिक कल्याण और राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिमेदारी संभाली। वह भू कानून समिति के सदस्य सचिव भी रहे हैं। इस समिति का गठन पूर्व मुखय सचिव सुभाष कुमार की अध्यक्षता में किया गया था। चौधरी ने नैनीताल समेत हरिद्वार, उत्तरकाशी और चंपावत के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दी हैं। विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर उनके अनुभव को देखते हुए सेवा का अधिकार आयोग में उनकी नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।अधिसूचना के मुताबिक चौधरी का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगा।शासन की अधिसूचना राज्यपाल की अनुमति से सचिव पंकज कुमार पांडेय की ओर से जारी की गई है।

# दहशत का असर: भूत की अफवाह से खाली हुईं कक्षाएं, छात्राओं की संख्या घटी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा स्थित ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज में छात्राओं के बीच फैली भूत-प्रेत की अफ्वाह का असर अब स्कूल की कक्षाओं में भी दिखाई देने लगा है।

सोमवार को यूनिट टेस्ट के दौरान एक छात्रा के अचानक चीखने और कुछ छात्राओं की तबीयत बिगड़ने के बाद मची अफरा-तफरी ने छात्राओं और अभिभावकों के बीच ऐसा डर पैदा किया कि अगले दिन स्कूल पहुंचने वाली छात्राओं की संख्या में कमी देखी गई। घटना के बाद से अभिभावकों के बीच भी तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि स्कूल प्रबंधन ने भूत-प्रेत या किसी कथित 'ऊपरी हवा' की बात को पूरी तरह अफ्वाह करार दिया है। स्कूल की ओर से कहा गया है कि परिसर में अब सब कुछ सामान्य है और छात्राओं की पढ़ाई नियमित रूप से चल रही है।

**एक चीख और देखते ही देखते फैल गई अफवाह**

सोमवार को 10वीं और 11वीं की छात्राएं यूनिट टेस्ट दे रही थीं। इसी दौरान एक छात्रा के अचानक चीखने-चिल्लाने और तबीयत खराब होने की बात सामने आई। इसके बाद आसपास बैठी छात्राएं घबरा गईं। कुछ छात्राओं के रोने और चिल्लाने से परीक्षा कक्ष का माहौल बिगड़ गया और देखते ही देखते कॉलेज में भूत-प्रेत की अफ्वाह फैल गई। स्थिति संभालने के लिए स्कूल प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और बाद में छात्राओं को घर भेज दिया गया।

**अफवाह का असर अभिभावकों तक पहुंचा:** घटना के बाद सोशल मीडिया और आसपास के क्षेत्र में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। इसी डर का असर छात्राओं की उपस्थिति पर दिखाई देने की बात सामने आई है। हालांकि स्कूल प्रबंधन का कहना है कि किसी तरह की असामान्य घटना नहीं हुई है और विद्यालय का वातावरण पूरी तरह सामान्य है।

**भूत नहीं, डर और अफवाह ने बनाया माहौल:** विशेषज्ञों ने भी ऐसी घटनाओं को कई बार मानसिक दबाव, डर और सामूहिक घबराहट से जोड़कर देखा है। एक छात्रा के डरने के बाद आसपास की अन्य छात्राओं में भी उसी तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है। ऐसे में अफवाह स्थिति को और गंभीर बना देती है।

**स्कूल का स्पष्ट संदेश—डरने की जरूरत नहीं:** विद्यालय की ओर से छात्राओं और अभिभावकों को भरोसा दिलाया गया है कि स्कूल में किसी तरह की भूत-प्रेत संबंधी घटना नहीं हुई है और पढ़ाई सामान्य रूप से जारी है।